पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राष्ट्रीय एकता की पहले की अपेक्षा आज ज्यादा जरूरत है

---- राज्यपाल

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में सरदार पटेल की मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, डा0 एस0बी0 निम्से, उपकुलपति, प्रो0 ए0के0 सेनगुप्ता, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरदार पटेल ने 553 रियासतों को जोड़ने का जो कार्य किया, वह विश्व में अपने आप में एक उदाहरण है। इसीलिये उन्हे लौह पुरूष की संज्ञा दी गई। उन्होंने कहा कि उनके जन्म दिवस को आज हम लोग राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं।

श्री नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लौहपुरूष सरदार पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने का सपना देखा है। उन्होंने कहा कि देश को बाहरी शक्तियों के साथ ही अन्दर से भी खतरा है। इसलिये राष्ट्रीय एकता की पहले की अपेक्षा आज ज्यादा जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर सरदार पटेल तथा आचार्य नरेन्द्र देव के जन्मदिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि पर अपनी श्रद्धांजलि दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा0 एस0बी0 निम्से ने कला तथा शिल्प कालेज परिसर में स्थापित मुक्ता काशी मंच का नाम सरदार पटेल के नाम पर करने की घोषणा की।

मा. श्री राम नाईक

एकता दिवस समारोह
लखनऊ विश्वविद्यालय,
KAZMI
KAZMI

OF